संख्या-276/2020/4225/41-2020-03(सा0)/2020

प्रेषक,

शिव पाल सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 24 नवम्बर, 2020**

विषय:- जनपद- मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर (कॉरीडोर) परिक्रमा मार्ग बनाये जाने की परियोजना के प्रथम चरण में भवन ध्वस्तीकरण एवं मलबा निस्तारण हेतु कार्यदायी संस्था नामित करने के संबंध मे।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-3696/6-1-1/(1072)/2019-20 दिनांक 05 नवम्बर 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें , जिसके माध्यम से जनपद-मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर (कॉरीडोर) परिक्रमा मार्ग बनाये जाने की परियोजना के संदर्भ में कार्यदायी संस्था का चयन करते हुये लोक निर्माण विभाग को नोडल ऐजेन्सी नामित करने का अनुरोध किया गया है।

2- जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर (कॉरीडोर) परिक्रमा मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में मा0 मंत्रि-परिषद के अनुमोदनोपरान्त शासनादेश सं0-252/2020/4113/41-2020-03 (सा0)/2020 दिनांक 03 नवम्बर 2020 निर्गत किया गया है तथा उक्त शासनादेश के अनुक्रम में विन्ध्यवासिनी मंदिर के आस-पास चारों ओर 50 फीट चौडाई वाले परिक्रमा पथ के अंदर आने वाली कुल 92 परिसम्पत्तियों एवं भूमि क्रय हेतु शासनादेश सं0-266/2020/4165/41-2020-03 (सा0)/2020 दिनांक 19-11-2020 द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में पूंजी लेखामद में मद सं0-27 मिर्जापुर में विन्ध्यवासिनी देवी धाम में पर्यटन विकास अन्तर्गत रू0 10.00 करोड़ एवं शासनादेश सं0-267/2020/4165(2)/41-2020-03(सा0)/2020 दिनांक 19-11-2020 द्वारा मद सं0-36-विन्ध्याचल का पर्यटन विकास अन्तर्गत रू0 10.00 करोड़ अर्थात् कुल रू0 20.00 करोड़ की धनराशि को जिलाधिकारी मीरजापुर के निवर्तन पर रखे जाने का आदेश निर्गत किया गया है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उक्त संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद मीरजापुर में विन्ध्यवासिनी मंदिर (कॉरीडोर) परिक्रमा मार्ग बनाये जाने की परियोजना के प्रथम चरण के कार्यों- **भवन ध्वस्तीकरण एवं मलबा निस्तारण हेतु प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग मिर्जापुर को कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।**

भवदीय,

(शिव पाल सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-276/2020/4225(1)/41-2020-03(सा0)/2020 तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- मण्डल आयुक्त ,विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
4- जिलाधिकारी , मीरजापुर।
5- मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
6- संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ,उ0प्र0 शासन।
9- संयुक्त निदेशक, पर्यटन वाराणसी एवं विन्ध्याचल मण्डल।
10- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग ।
11- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(शिव पाल सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।